हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

11 कामधेनु माता के 11वें जन्मोत्सव पर उमड़ी



12 युवाओं को दी शिक्षा, स्टार्टअप व रोजगार...



# धीमी गति से चल रहा सड़क का निर्माण कार्य, दिनभर शहर में बनी रहती जाम की स्थिति

**चेयरमैन बोले**

## काम में कोताई बर्दाश्त नहीं की जाएगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर में इन दिनों पुराना बर्फखाना मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य आमजन के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के चलते मुख्य सड़कों पर सुबह से देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। दोपहर बाद स्कूलों की छुट्टी के दौरान यहां स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**शहर में पुराना बर्फखाना मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते दुकानदारी भी प्रभावित हो रही**

### सड़क को कई दिनों तक उखाड़ा गया

इसके अलावा जाम की वजह से जहां वाहन चालक परेशान है, वहीं दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि पहले तो इस सड़क को कई दिनों तक उखाड़ कर रखा गया और निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। जिसके कारण दुकानदारी पूर्णतया प्रभावित रही।



झज्जर। शहर के बीकानेर चौक पर बनी जाम की स्थिति। फोटो : हरिभूमि

### निर्माण कार्य में लाई जाएगी तेजी

इस संबंध में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। निर्माण कार्य में कोताई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**लोग बोले-पहले वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की जाती**

अब कुछ दिनों से निर्माण कार्य शुरू हुआ तो दुकानदारों को उम्मीद जगी कि जल्द सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा और उनका कामकाज पहले की तरह सुचारू हो जाएगा। लेकिन सड़क निर्माण कार्य इतनी धीमी गति से किया जा रहा है कि लगता नहीं कि यह सड़क जल्द बन पाएगी। संबंधित फर्म द्वारा कभी कार्य किया जाता है और कभी कार्य बंद कर दिया जाता है। जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले जहां दिन भर अच्छी बिक्री होती थी, अब आधे से भी कम रह गई है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से संबंधित फर्म को चाहिए था कि पहले वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की जाती, फिर सड़क निर्माण शुरू किया जाता। जिससे दुकानदारों को परेशानी ना होती। उन्होंने जिला प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की गुहार लगाई है ताकि उनका कारोबार सुचारू रूप से चल सके।



झज्जर। शहर के अंबेडकर चौक से बीकानेर चौक तक बनी जाम की स्थिति। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**




बहादुरगढ़। बैंक द्वारा आईटीआई में दिया गया फर्नीचर।

### बैंक ने आईटीआई को दिया फर्नीचर

**बहादुरगढ़।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपने 90वें स्थापना दिवस पर आईटीआई की महिला विंग में सीएसआर के तहत कोपा लैब में नए फर्नीचर का अनावरण किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चलाते हुए होनहार छात्राओं और शिक्षकों को पौधे भेंट किए। शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मायामंती, इंस्ट्रक्टर संत कंवर मलिक, सहायक प्रबंधक अमित कुमार यादव व शिव कुमार मौजूद रहे।

### बहादुरगढ़ में खेत से मोटर व पैनल चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी स्थित एक किसान के खेत में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर खेत से सोलर पैनल की दो प्लेट व मोटर चुरा ले गए। इस संबंध में किसान ईश्वर की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। ईश्वर का कहना है कि आठ फरवरी तक खेत में सब कुछ सामान्य था। जब 9 फरवरी की सुबह खेत में गए तो सामान गायब था। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उधर, मांडोठी चौकी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर



**झज्जर।** सीआईए की टीम द्वारा अपहरण व मारपीट मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि संदीप निवासी जाटौली की शिकायत पर दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी की पहचान मनजीत निवासी हरी नगर डूम्मा गुरुग्राम के तौर पर की गई है। आरोपी को अदालत ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर दिया है।

### जिला कारागार में जांच शिविर 18 फरवरी को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार परिसर में बंदियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आगामी 18 फरवरी को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

**लगातार 2 वर्ष से स्वच्छता में पिछड़ रही नगर परिषद, फिर भी नहीं जाग रहा प्रशासन**

# बहादुरगढ़ में जलभराव और गंदगी के कारण इस बार भी रैंकिंग बढ़ना मुश्किल

### साढ़े 12 हजार अंकों का होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत इस बार भी सफाई की परीक्षा साढ़े 12 हजार अंकों की होगी। बीते 2 सालों से रैंकिंग में आई गिरावट से नगर परिषद की सफाई व्यवस्था का सहज अंदाजा लगाया जा सकता। कचरा संग्रहण व कचरा प्रबंधन समेत शहर की सफाई व्यवस्था में अभी भी कई खामियां हैं, जिसके चलते रैंकिंग बढ़ती नजर नहीं आ रही।

अब भी शहर के बड़े हिस्से में प्रतिदिन ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा घर-घर से कचरा संग्रहण नहीं किया जाता। अधिकांश शौचालय बदहाल हैं। शहर में आए दिन पानी भरने की समस्या, अवरुद्ध नाले, समय पर सफाई नहीं होना आदि खामियों के चलते इस बार भी बहादुरगढ़ नगर परिषद की रैंकिंग बढ़ने की उम्मीदें कम हैं। बता दें कि मोदी सरकार ने साल 2017 में स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू किया था। उस समय इसमें देश के 434 शहर शामिल थे। अब इसमें 4477 शहरों की सफाई कसौटी पर परखी जाती है। इनमें 20 हजार तक की जनसंख्या वाले 2162, 20 से 50 हजार वाले 1686, 50 हजार से 3 लाख वाले 903, 3 से 10 लाख वाले 111 और 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 47 शहर शामिल हैं।

**रास्ता पार करना मुश्किल**



बहादुरगढ़। शहर के झज्जर रोड पर लगे गंदगी के ढेर। फोटो : हरिभूमि

**अनदेखी का हाल**



बहादुरगढ़। पुराने लघु सचिवालय में सड़क किनारे खुले में पड़ी गंदगी

**पैदल चलना दुभर**



बहादुरगढ़। पुराने झज्जर रोड पर भरा सीवर का गंदा पानी।

**इस तरह निर्धारित हैं अंक**

दरअसल, इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण में 12 हजार 500 अंकों की परीक्षा होगी। सर्वे के दौरान शहर में दृश्यमान स्वच्छता के लिए 1500 अंक निर्धारित किए हैं। इसी तरह कचरे का पृथक्करण, संग्रहण और परिवहन के 1000 अंक तय किए गए हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 1500 अंक, स्वच्छता तक पहुंच के 1000 अंक, उपयोग किए गए जल प्रबंधन के लिए 1000 अंक, डीस्लजलिंग सेवाओं का मशीनीकरण करने के 500 अंक, स्वच्छता के लिए वकालात के 1500 अंक, परिस्थिति की तंत्र और संस्थागत मापदण्डों की मजबूती के 1000 अंक, सफाई मित्रों का समग्र कल्याण करने के 500 अंक, नागरिकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया और उनकी शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था के 1000 अंक जोड़े गए हैं। गारबेज फ्री सिटी के 1000 तथा ओडीएफ सर्वे के 1000 अंक निर्धारित हैं।



### स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतक अंक अर्जित करने के लिए नगर परिषद सतत प्रयास कर रही

स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतक अंक अर्जित करने के लिए नगर परिषद सतत प्रयास कर रही है। कूड़ा कलेक्शन प्वाइंट्स को आधुनिक रूप दिया जा रहा है। स्वच्छता की दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है। पहले से अधिक मात्रा में कूड़े का उठान डोर-टू-डोर किया जा रहा है। उम्मीद है कि बहादुरगढ़ नगर परिषद को इस बार ज्यादा अच्छे अंक मिलेंगे। *-सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा*

### घटती-बढ़ती रैंकिंग

स्वच्छता सर्वेक्षण में बहादुरगढ़ नगर परिषद वर्ष 2017 में 353वें स्थान पर रही थी। लेकिन 2018 में करीब डेढ़ सौ अंकों का सुधार हुआ और 209वीं रैंक मिली। फिर 2019 में मामूली गिरावट के साथ 228वां और 2020 में मामूली सुधार के साथ 216वां रैंक मिला। हालांकि 2021 में 96 अंकों के सुधार के साथ बहादुरगढ़ नप 120वें स्थान पर रही। फिर 2022 में 111वें नंबर पर रही। लेकिन 2023 में 63 अंकों की गिरावट के साथ 174वां रैंक और 2024 में 23 अंकों की कमी के साथ बहादुरगढ़ नगर परिषद को 197वां रैंक मिला था।

**जिला नगर योजनाकार व एचएसवीपी की कार्रवाई से मचा रहा हड़कंप**

# अवैध निर्माण ढहाए



बहादुरगढ़। अवैध निर्माण को ढहाती डीटीपी की जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उपमंडल के ईस्सरहेड़ी व बालौर गांव के साथ ही बहादुरगढ़ के शहरी क्षेत्र में मंगलवार को जिला नगर योजनाकार और एचएसवीपी की टीम द्वारा अवैध निर्माण पर पीला पंजा चलाया गया।

इस दौरान अवैध कॉलोनियों में निर्माणाधीन ढांचों, डीलरों के कार्यालय सहित अन्य निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया। डीटीपी अंजू जून ने बताया कि गांव ईस्सरहेड़ी और बालौर की राजस्व संपदा में करीब 40 एकड़ में पनप रही 4 अनधिकृत कॉलोनियों में 87 डीपीसी, 12 ढांचे निर्माणाधीन, डीलर कार्यालय सहित 300 मीटर की बाउंड्री वॉल जेसीबी की सहायता से तोड़ी गई। जबकि एचएसवीपी की टीम ने शहर के सेक्टरों में अवैध निर्माण और रास्तों में किए निर्माण को हटाया।

**■ सेक्टरों में अवैध निर्माण और रास्तों में किए निर्माण को हटाया**

### पूरी कार्रवाई विभागीय नियमों के तहत की गई

एसडीएम अभिनव सिवाच ने बताया कि पूरी कार्रवाई विभागीय नियमों के तहत की गई है। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि लोग अपनी मेहनत की कमाई से बिना लाइसेंस शुदा कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से भविष्य में लोगों को कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन का उद्देश्य अवैध निर्माण पर रोक लगाना और नियोजित विकास को बढ़ावा देना है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## चेयरपर्सन ने किया औचक निरीक्षण



बहादुरगढ़। निर्माण कार्य का निरीक्षण करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

### नोटिस जारी किए

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने मंगलवार को वार्ड नंबर 2, 10 व 11 में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड 2 और 10 में चल रहे कार्यों में गंभीर खामियां पाए जाने पर दोनों संबंधित एजेंसियों को तुरंत नोटिस जारी किए गए हैं। इस मौके पर एमई नवीन देशवाल, जेई नीरज, पार्षद राजेश तंवर, पार्षद राजेश मकड़ौली ने उनके साथ कार्यों की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। चेयरपर्सन ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय में सुधार नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटिया निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# छात्राओं ने पुलिस थाने का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मंगलवार को शहर थाना का शैक्षिणक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पुलिस की कार्यशैली, कानून व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े विषयों की व्यावहारिक जानकारी देना रहा।

शहर थाना प्रभारी बलदेव ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए पुलिस विभाग की दैनिक कार्यप्रणाली, थाने में होने वाले कार्य, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा आमजन की सहायता में पुलिस की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने छात्राओं को डायल 112 के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह सेवा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता का सशक्त माध्यम है। जिसका सही समय पर उपयोग जीवन रक्षक सिद्ध हो सकता है।



झज्जर। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान थाना परिसर में उपस्थित छात्राएं।

### साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

उन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के उपाय बताए गए। साथ ही महिला विरुद्ध अपराधों से संबंधित कानूनों, सहायता सेवाओं और आत्मरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इसके अलावा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ और सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया।

**किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झज्जर के बच्चे छाए**

# ऑल इंडिया ओपन में चार खिलाड़ियों ने जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली में हुई पांचवीं इंडिया ओपन किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झज्जर जिले के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के चार खिलाड़ियों ने मेडल जीते। विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता में 14 देशों के करीब साढ़े 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जेके स्पोर्ट्स एकेडमी के पांच बच्चों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया।

प्रतियोगिता में 60 किलोग्राम भार वर्ग में नितिन कुमार ने तुर्की के खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं 56 किलोग्राम भार वर्ग में महिला खिलाड़ी मधु कुमारी ने इराक की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी तरह 55 किलोग्राम भारवर्ग में कार्तिक गुलिया व 35 किलोग्राम भारवर्ग में वीर गुलिया ने कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय किकबॉक्सिंग संघ द्वारा किया गया था।



*बहादुरगढ़। आफिशियल्स व कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी।*

***प्रतियोगिता में 14 देशों के करीब साढ़े 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया***

**पदक विजेताओं को दी बधाई**

पदक विजेता खिलाड़ियों को संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल सहित झज्जर जिले के पदाधिकारियों हवा सिंह बादली, नरेंद्र सैनी, सुमित नारा, सीमा सैनी, कोच योगेंद्र कुमार, राजपाल सिंह और झज्जर जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव कोच जसवंत सिंह ने बधाई दी।



बहादुरगढ़। रक्षिता को सम्मानित करते बीएल भारद्वाज व अन्य।

## रक्षिता ने अंडर-14 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**बहादुरगढ़।** सैनिक पब्लिक स्कूल की कक्षा 5वी की छात्रा रक्षिता ने अंडर-14 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता। खरखौदा में हुई इस प्रतियोगिता में रक्षिता ने 40–42 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मंगलवार को विद्यालय में हुई विशेष प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने रक्षिता को शॉल ओढ़ाकर, पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने रक्षिता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

## लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।



## हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

## टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।


## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।



# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



## 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

## शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

## 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप

### मुक्केबाजी में अभिनव ने जीता सिल्वर मेडल



झज्जर। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र अभिनव ने स्कूल नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुक्केबाजी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 4 से 9 फरवरी तक बैंगलोर में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई। अंडर-19 आयु वर्ग की 75–81 किलोग्राम भार वर्ग में अभिनव ने उत्कृष्ट खेल कौशल, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनकी शानदार सफलता के सम्मान में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा उन्हें नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य पंकज वालिया ने अभिनव की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सनातन परंपरा में विजय एकादशी का विशेष महत्व



झज्जर। फाल्गुन मास की कृष्ण एकादशी को विजया एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि इस एकादशी के व्रत से व्रती को हर कार्य में सफलता प्राप्त तो प्राप्त होती है। विजया एकादशी का उपवास 13 फरवरी को किया जाएगा। पंडित गुलशन शर्मा ने विजया एकादशी उपवास के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एकादशी को पुण्य कार्य और भक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने कहा कि नाम से पता चलता है कि जो भी सच्चे मन से भगवान विष्णु का व्रत करता है, उसको विजय मिलती है। माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने लंका पर विजय प्राप्त करने से पहले विजया एकादशी का व्रत किया था। एकादशी के व्रत से धन-धान्य का लाभ और मोक्ष की प्राप्ति होती है। फाल्गुन मास की कृष्ण एकादशी को विजया एकादशी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि कठिन तपस्या से आप जीतना फल प्राप्त कर सकते है उतना ही पुण्यफल विजया एकादशी का व्रत करने से कर सकते है।

मासिक समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने अफसरों को दिए निर्देश

# चिन्हित अपराधों की गहनता से जांच और प्रभावी ढंग से पैरवी जरूरी : डीसी

जांच रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत कर गवाहों की सुरक्षा व उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

चिन्हित अपराधों की गहनता से जांच और प्रभावी पैरवी ही अपराधियों को सजा दिलाने का सबसे सशक्त माध्यम है। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मंगलवार को चिन्हित अपराध योजना की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कई बार मामूली तकनीकी खामियों और अधूरी साक्ष्य श्रृंखला के कारण गंभीर अपराधों में भी आरोपी बच निकलते हैं। इसलिए प्रारंभिक स्तर से ही केस फाइल मजबूत की जाए और अभियोजन पक्ष हर सुनवाई में सशक्त पैरवी सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि जांच रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत हो और गवाहों की सुरक्षा व उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में पुलिस विभाग की ओर से चिन्हित अपराधों से जुड़े ताजा मामलों की स्थिति प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए न केवल अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है बल्कि जांच और पैरवी की प्रक्रिया में पारदर्शिता व जवाबदेही भी सुनिश्चित होनी चाहिए।



झज्जर। बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### 'म्हारी सड़क एप' के बारे में करें जागरूक

झज्जर। मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में म्हारी सड़क एप की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा एप पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति, उनके निस्तारण की गति तथा प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि एप के अपेक्षाकृत कम डाउनलोड होने के कारण अनेक नागरिक अभी इस सुविधा का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। ग्राम स्तर से लेकर शहरी क्षेत्रों तक प्रचार-प्रसार कर लोगों को एप डाउनलोड करने, सड़क मार्ग खराब होने जैसी समस्याएं दर्ज कराने तथा समाधान की प्रक्रिया से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाए।

## एआई तकनीक का समझदारी से करें सदुपयोग : उपायुक्त

- सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर लघु सचिवालय स्थित सभागार में एक दिवसीय वर्कशॉप में दी एआई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर लघु सचिवालय स्थित सभागार में एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की गई।

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बतौर मुख्य अतिथि वर्कशॉप को संबोधित करते हुए कहा कि एआई तकनीक ने हमारी जीवन शैली को काफी हद तक प्रभावित किया है। काफी कार्य सरल हो गए हैं, लेकिन फेक एकाउंट और डीपफेक से कई तरह की नई परेशानियां पैदा हो रही हैं। इसके जरूरी है कि साइबर जागरूकता अभियान को बड़े स्तर पर चलाया जाए और जहां तक इंटरनेट की पहुंच है, वहां तक जागरूकता अभियान भी पंहुचे। इस कार्य में शिक्षित युवा और सीएससी सेंटर संचालक अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान साइबर सैल से दीपक ने डिजिटल तकनीक से हो रहे फ्रॉड से बचने के बारे विस्तार से जानकारी दी। वर्कशॉप में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने का संकल्प लिया। साथ ही आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए निरंतर अभियान चलाने पर भी बल दिया गया।

## शिक्षा के साथ मानवता और करुणा सीख रहे विद्यार्थी


बहादुरगढ़। शिक्षिका अनीता के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कक्षा की पढ़ाई अगर किताबों से आगे बढ़कर संवेदना तक पहुंच जाए तो वही शिक्षा समाज को बेहतर बनाती है। इसे समझते हुए गांव बालोर स्थित जीएचएस स्कूल में टीजीटी होम साइंस शिक्षिका अनीता अपने विद्यार्थियों को सिर्फ विषय ज्ञान ही नहीं, बल्कि करुणा, सेवा और मानवता का भी पाठ पढ़ा रही हैं। उनके मार्गदर्शन में पढ़ने वाले बच्चे भी हर समय जरूरतमंद जीवों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं।शिक्षिका अनीता से प्रेरित बच्चे सर्दियों में बेसहारा पशुओं के लिए वस्त्रों का इंतजाम करते हैं, उनके भोजन-पानी की व्यवस्था में जुटे रहते हैं। सड़क पर कोई घायल पशु या पक्षी दिख जाए तो बिना झिझक उसकी मदद के लिए हाथ बढ़ाते हैं। इतना ही नहीं, यदि कहीं कोई जीव मृत अवस्था में मिले तो बच्चे उसे सम्मानपूर्वक दफनाने का प्रयास करते हैं, ताकि हर जान को सम्मान मिल सके। शिक्षिका अनीता का कहना है कि बच्चे जैसा सीखते हैं, बड़े होकर वैसे ही बनते हैं। अच्छी शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मन में करुणा और मदद का भाव होना बेहद जरूरी है। हमारे स्कूल के बच्चे इस दिशा में गंभीर हैं।

### प्रकृति पर सभी जीवों का समान अधिकार

उन्होंने कहा कि इस प्रकृति पर सभी जीवों का समान अधिकार है, लेकिन इंसान के आगे निकलने की होड़ में जंगलों, पशु-पक्षियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सड़कों पर वाहन संयमित गति से चलाएं, ताकि कोई इंसान या अन्य जीव हादसे का शिकार न हो। यदि कहीं कोई घायल जीव नजर आए तो उसकी मदद करें और कोई मृत मिले तो उसे सम्मान के साथ मिट्टी देने का प्रयास करें।


झज्जर। विद्यालय स्थापना दिवस पर आयोजित हवन में भाग लेते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### कैंब्रिज इंटरनेशनल विद्यालय के स्थापना दिवस पर हवन कर की सुख-शांति की कामना

झज्जर। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में मंगलवार को विद्यालय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। पंडित गोपीराम शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत रूप से संपन्न कराए गए इस हवन में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने आहुति डालते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। विद्यालय कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून व निर्देशिका सुदेश जून ने बताया कि विद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है।

## कामधेनु माता के जन्मोत्सव पर उमड़ी भक्तों की भीड़

- दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने की विशेष पूजा अर्चना, भंडारे में किया प्रसाद ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। कामधेनु माता की पूजा करते सुनील निमाना। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। कामधेनु माता के दर्शनों को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को गोकुल धाम महातीर्थ में अधिष्ठात्री कामधेनु गौ माता का 11वां जन्मदिन श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया। काफी संख्या में दूर दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने माता की पूजा अर्चना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। संचालक सुनील निमाना ने बताया कि कामधेनु गौ माता की कृपा से गोकुल धाम महातीर्थ को पिछले 13 वर्षों में सवा लाख से अधिक बीमार, दुर्घटनाग्रस्त एवं असहाय गौवंशों की चिकित्सा एवं सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में गोकुल धाम की सात राज्यों में 10 शाखाएं संचालित हैं। जहां छह हजार से अधिक गौवंशों की नियमित चिकित्सा, संरक्षण और सेवा की जा रही है। उन्होंने बताया कि गोकुल धाम में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिनमें 30 गौ एम्बुलेंस, एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउंड, पूर्ण लैबोरेट्री, अत्याधुनिक रूमिनोटॉमी ऑपरेशन थिएटर, गायनी ऑपरेशन थिएटर एवं ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संस्था में पचास पशु चिकित्सकों की टीम 24 घंटे सेवा में तत्पर रहती है, वहीं लगभग 300 गौ सेवक दिन-रात गौ माता की सेवा में समर्पित हैं। इस दौरान मोटा कोच लाडपुर, लालचंद बादली, मास्टर विक्रम बादली, अरुण गुलिया बादली, ब्रह्मदेव गुलिया याकूबपुर, सतपाल पहलवान, प्रधान खिड़वाली गौशाला, सचिन महराणा प्रधान गौरक्षा दल झज्जर, पूर्व सरपंच अत्तर सिंह यादव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


झज्जर। जागरुकता सामग्री के साथ उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों को किया बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रेरित

झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा गैर सरकारी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा चलाई जा रही बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा ने मंगलवार को जिले के गांव अकेहड़ी मदनपुर, हुमांयूपुर, बिरड़ व लडायन गांव पहुंच कर ग्रामीणों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रेरित किया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए अकेहडी मदनपुर सरपंच अनीता ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है तथा प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है कि वह बच्चों को आगे बढ़ाने में मदद करें। हुमायूंपुर सरपंच बेबी व आंगनवाड़ी सुपरवाइजर गीतांजलि ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह रोकथाम के लिए 100 दिवसीय अभियान चलाया हुआ है।

## डांस प्रतियोगिता में मोनिका ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए छात्रा। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए प्राचार्य दलबीर सिंह।

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वसंत महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य दलबीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए क्योंकि ये गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि वसंत उत्सव जैसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाना है। इसलिए विद्यार्थी बढ़-चढ़कर भाग लें और अच्छे नागरिक बनकर देश के विकास में योगदान दें। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि रागनी गायन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र भव्य ने पहला, बीए प्रथम वर्ष के छात्र विवेक ने दूसरा जबकि बीए प्रथम वर्ष के छात्र राहुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं डांस प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मोनिका ने पहला, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनिका तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिताओं का निर्णय प्राध्यापक डॉक्टर अमित भारद्वाज, डॉक्टर श्रीकृष्ण दूहन, रीना, शिव शंकर, पंकज कुमार तथा निहारिका ने किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।


झज्जर। जागरुकता सामग्री के साथ उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हवन में आहुति डालकर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की कामना

बहादुरगढ़। एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में मंगलवार को हवन और पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हवन में आहुति डालकर कक्षा दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की कामना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल, सभी अध्यापक व विद्यार्थी श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए। हवन की विधि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हुई। सभी विद्यार्थियों ने क्रमवार हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर अपने उज्ज्वल भविष्य, सफलता एव आत्मविश्वास की प्रार्थना की। अध्यापकगण ने भी विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता तथा श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम की कामना की। हवन के बाद प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए परिश्रम, अनुशासन और समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला।


बहादुरगढ़। निदेशिका शैलजा जून के साथ हवन में आहुति डालते विद्यार्थी।

### रूहानी जन्मदिन के साथ मनाया स्नेह मिलन समारोह

बहादुरगढ़। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवाकेंद्र पर मंगलवार को रूहानी जन्मदिन के साथ ही स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध गायक कन्हैया प्रसाद व राजेश ने परमात्मा के प्रेम और आध्यात्मिक जीवन की खुशियों पर आधारित एक से बढ़कर एक रूहानी गीत प्रस्तुत किए। भजनों की मधुर धुनों पर भाई-बहनों ने झूमकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा का जश्न मनाया। कार्यक्रम में जयभगवान सोनी, रामफल सिंघल, विनय गोयल, रतन वैद्य, सुरेंद्र गोयल आदि का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी ने सभी के आध्यात्मिक पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की मंगलकामना की। सेवा केंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने सभी का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बीके अमृता दीदी ने भी सभी को स्नेह मिलन व रूहानी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। भाई-बहनों के लिए विशेष मंगल गान गाए गए और उनके सुखद जीवन की प्रार्थना की गई।

## स्वयंसेविकाओं को दी रोड सेफ्टी व सारथी एप की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। स्वयंसेविकाओं को यातायात नियमों संबंधी जानकारी देते हुए यातायात समन्वयक सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय द्वारा मंगलवार से सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरूआत की गई है। राजीव गांधी सेवा केंद्र खातीवास में डॉक्टर अनु बरवड़, प्रोफेसर नीतू व मास्टर रामेश्वर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के दीप प्रज्ज्वलित करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। डॉक्टर अनु बरवड़ ने स्वयंसेविकाओं को एनएसएस के अर्थ व उद्देश्य बारे जानकारी देते हुए बताया कि एनएसएस की शुरुआत 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में की गई थी। इसका चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क स्थित सूर्य मंदिर से लिया गया है जो गतिशीलता का सूचक है। उन्होंने बताया कि एनएसएस चिन्ह का लाल रंग युवा शक्ति तथा नीला रंग ब्रह्मांड का सूचक है। मास्टर रामेश्वर ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए स्वयंसेविकाओं को जागरुक किया। इसके अलावा यातायात पुलिस अधिकारी सतीश कुमार ने अपने टीम सदस्यों के साथ पहुंच कर स्वयंसेविकाओं को रोड सेफ्टी, वाहन व सारथी ऐप की जानकारी दी।

## न्यूज डायरी




### अंतरराष्ट्रीय रंगोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

झज्जर। आरईडी स्कूल में मंगलवार को इंटरनेशनल एसोसिएशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रंगोत्सव का आयोजन किया गया। नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने पेंटिंग, कलरिंग, कोलाज मेकिंग, स्केचिंग, ग्रीटिंग कार्ड, मास्क मेकिंग और थंब पेंटिंग जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्या गीता गाबा ने बताया कि उनके संस्थान के 65 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए पहले ही हो चुका है, जहां उन्होंने अपनी कला से न केवल पहचान बनाई बल्कि पुरस्कार भी प्राप्त किए। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।




### नौकायन में ओनिका ने जीते दो गोल्ड मेडल

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड की होनहार छात्रा ओनिका ने राज्य स्तरीय नौकायन प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल हासिल कर संस्थान व गांव का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन शरद यादव व प्राचार्य डॉक्टर मंजीत कुमार ने ओनिका की इस शानदार सफलता पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि ओनिका भविष्य में भी इसी प्रकार नई ऊंचाइयों को छूकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी। स्कूल संचालिका बिमला यादव ने बताया कि ओनिका की इस उपलब्धि पर जहां सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा उसे प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया



### गर्ल्स रि-इनरोलमेंट अभियान की शुरुआत

झज्जर। ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा गर्ल्स रि-इनरोलमेंट अभियान की शुरूआत की गई है। जिले के गांव उखलचना व सिकंदरपुर से शुरू किए गए इस अभियान के अंतर्गत उन लड़कियों को पुनः पढ़ाई के लिए जागरुक किया जा रहा है जो किसी कारण अपनी पढ़ाई छोड़ चुकी है। संस्था सदस्यों द्वारा एसएमसी सदस्यों, ग्राम पंचायत, शिक्षकों व अभिभावकों से लड़की की शिक्षा में भूमिका बारे भी चर्चा की जा रही है। इस मौके पर ब्रेकथ्रू टीम चेंज लीडर शिवम, हिमांशु, निशा, खुशबू, दीपक, अभिषेक, विक्रम, साहिल, सुमित, निखिल, मोहित, रुचि अधिकारी, ममता मीणा, नरेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों की अलग लाइन का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने दिव्यांगजनों के हित में राशन डिपो पर अलग लाइन एवं प्राथमिकता के आधार पर राशन वितरण की व्यवस्था शुरू किए जाने का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय और मानवीय कदम बताया है। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस व्यवस्था से दिव्यांगों को घंटों लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा।

### जसबीर सैनी ने दिल्ली की सीएम को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष जसबीर सैनी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाक़ात कर उनके सफलतम एक वर्ष के कार्यकाल की बधाई दी। उनके अनुसार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद धरातल पर काम दिखाई दे रहे हैं।

### विशिष्ट नागरिकों ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**बहादुरगढ़।** शहर के लोक निर्माण विश्राम गृह में सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन की टीम ने आमजन की समस्याएं सुनीं। रामकंवार सैनी ने बताया कि सीएम विंडो की यह टीम मंगलवार व शुक्रवार को जन समस्याओं का निवारण करेगी। इस टीम ने कुल 34 शिकायतें सुनीं

## तीन स्कूलों में विद्यार्थियों को करवाया सूर्यनमस्कार का अभ्यास

# लचीलापन बढ़ाने और पाचन सुधारने में सहायता करता है सूर्य नमस्कार: राजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जीएवी पब्लिक स्कूल पाटौदा में मंगलवार को सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों व शिक्षकों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। स्कूल निदेशक अशोक कौशिक ने बताया कि राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लौहारी के योग सहायक राजेंद्र सिंह व योगा छात्रा मोनिका ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराते हुए उन्हें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लौहारी के योग सहायक राजेंद्र सिंह ने कहा कि सूर्य नमस्कार सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग आसनों का एक समूह है जो संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। यह वजन घटाने, लचीलापन बढ़ाने, पाचन सुधारने, मांसपेशियों को मजबूत करने, तनाव कम करने और रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह संपूर्ण शरीर के लिए एक बेहतरीन वर्कआउट है।

■ सूर्य नमस्कार सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग आसनों का समूह

### बच्चों पढ़ाई में ध्यान देने के लिए किया प्रेरित



**बहादुरगढ़।** आयुष विभाग की योगा थैरेपिस्ट सुनील देवी ने राणा प्रताप स्कूल में सूर्य नमस्कार करवाया। सूर्य नमस्कार के साथ पढ़ाई में ध्यान देने को लेकर बच्चों को प्रेरित कियया गया। परीक्षाओं के दौरान मोबाइल से दूरी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भ्रामरी प्राणायाम भी करवाया।

### सूर्य नमस्कार से होने वाले फायदों की जानकारी दी



**झज्जर।** राजकीय हाई स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। योग शिक्षिका निशा कुंडू ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार कराते हुए उनसे होने वाले शारीरिक लाभों की जानकारी दी। प्राचार्या अनीता रानी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे नियमित रूप से सूर्य नमस्कार की मुद्राओं का अभ्यास करें। इस मौके पर शिक्षक हरदीप, रामानंद, सरिता, मनीषा, नवीन, रेणू, सुमन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** इस गाड़ी के साथ हुई विनोद की बाइक की टक्कर फोटो : हरिभूमि

# निलोठी के पास हादसे में बाइक सवार की मौत

■ शिक्षण संस्थान की वैन की बाइक और स्कूटी में टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव निलोठी के पास एक शिक्षण संस्थान की वैन के साथ बुलेट बाइक और स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में बुलेट बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कार्रवाई शुरू करा दी है। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

मृतक की पहचान करीब 47 वर्षीय विनोद के रूप में हुई है। विनोद खरखोदा के पाई गांव के रहने वाले थे। मंगलवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव से आसौदा की ओर जा रहे थे। जब गांव जसोरखेड़ी-निलोठी मार्ग पर निलोठी के निकट पहुंचे तो एक शिक्षण संस्थान की वैन के साथ बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में विनोद को गंभीर चोट आई और उनकी जान चली गई। सूचना पाकर आसौदा चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इसके बाद परिजनों के बयान पर केस दर्ज कर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बताते हैं कि हादसे के दौरान वैन की चपेट में एक स्कूटी सवार महिला भी आई थी। वह कौन हैं और कहां भर्ती है, ये अभी स्पष्ट नहीं है।



### घरेलू हिंसा और महिलाओं की समस्याओं पर की चर्चा

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं की समस्याएं विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजीत ने घरेलू हिंसा के विभिन्न रूपों, महिलाओं के अधिकारों, सामाजिक चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वैश्य कॉलेज में हिंदी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजीत ने ने छात्राओं को जागरूक रहते हुए आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ अनीता दलाल, डॉ. संजय देसवाल, मंजू मलिक, डॉ. मनोज कुमार, डॉ ललिता, डॉ. अश्वनी कुमार, ज्योति व गोविंद आदि उपस्थित रहे।




### वित्तीय प्रबंधन को लेकर किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं में वित्तीय जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अलका गुलाटी ने की। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नवीन कुमार ने वित्तीय स्वतंत्रता: आत्मनिर्भरता का मार्ग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को वित्तीय साक्षरता, आय-व्यय प्रबंधन, बचत की आदत, निवेश के विभिन्न विकल्पों तथा दीर्घकालीन आर्थिक योजना के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से सशक्त महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला होती है। प्राचार्या अलका गुलाटी ने महिला प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. ललिता के निर्देशन में डॉ. शीतल व डॉ. रीना के सहयोग से किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

# ठेका कर्मचारियों ने ज्ञापन देकर रोजगार बचाने की गुहार लगाई

■ कई परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बिजली वितरण निगम में ठेकेदारी के तहत कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर सेक्टर-2 स्थित भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि और विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक से मुलाकात की। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम एक मांग पत्र सौंपते हुए रोजगार सुरक्षा की मांग उठाई।

### 2016 से कर रहे काम

कर्मचारियों ने बताया कि वे वर्ष 2016 से निगम में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अब तक स्थाई नियुक्ति नहीं हो पाई। जिस कंपनी के अधीन वे कार्यरत थे, उसका टेंडर आठ फरवरी को समाप्त हो गया है, जिससे रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। इससे कई परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका है। कर्मचारियों ने मांग की कि उन्हें सरकार की कौशल रोजगार योजना के अंतर्गत समायोजित किया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। भाजपा जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि और नेता दिनेश कौशिक ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग मुख्यमंत्री तथा संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी।



**बहादुरगढ़।** भाजपा नेताओं को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

# युवाओं को दी शिक्षा, स्टार्टअप और रोजगार से जुड़े प्रावधानों की जानकारी

■ बजट युवाओं को सशक्त बनाने, रोजगार के नए अवसर प्रदान करने, कौशल विकास को बढ़ावा देने वाला : विकास




**झज्जर।** युवाओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय कमलम में मंगलवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने युवाओं से कहा कि केंद्र सरकार का बजट युवाओं को सशक्त बनाने, रोजगार के नए अवसर प्रदान करने, कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने युवाओं को बजट में शिक्षा, स्टार्टअप, डिजिटल क्षेत्र एवं रोजगार से जुड़े विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विकास वर्मा, जिला प्रवक्ता रवि गुर्जर, जिला सचिव अमित जून, राकेश शर्मा सहित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने बजट से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।

### पूर्व विधायक नरेश कौशिक के जन्मदिन पर लगाया शिविर, 613 ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक नरेश कौशिक के जन्मदिन पर भाजपा कार्यालय में मंगलवार को नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट की टीम ने 613 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। पूर्व विधायक नरेश कौशिक के 60वें जन्मदिवस पर आयोजित कैंप में डा. शोभा सहगल की अध्यक्षता में डा. मोहित, डा. जानवी, डा. अर्चिता की टीम ने 613 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच की। उनके स्वास्थ्य की जांच करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक भी किया। इस दौरान कौशिक ने समर्थकों, कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ मिलकर केक भी काटा। साथ ही भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने का आश्वासन दियया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए उन्होंने क्लीन एंड ग्रीन संस्था के साथ मिलकर 60 पौधे भी रोपित किए। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने पॉलीथिन मुक्त भारत, संतुलित आहार व स्वच्छता के प्रति भी लोगों को जागरूक किया।



**बहादुरगढ़।** मंगलवार को कैंप में अपनी जांच करवाते पूर्व विधायक नरेश कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### हरेंद्र की मौत पर परिजनों ने जताया रोष

**बहादुरगढ़।** बिहार निवासी हरेंद्र की मौत पर परिजनों में रोष पनप गया। गुस्साए परिजनों ने दाह संस्कार करने के बजाय शव को गुरुग्राम स्थित कंपनी के गेट पर रख दिया। वहां से पुलिस ने हटाए तो वे शव को पुनः बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले आए। हालांकि मंगलवार दोपहर बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर परिजनों को शांत किया। जिसके बाद परिजन शव ले जाने के लिए राजी हुए। बिहार के बक्सर मूल का हरेंद्र चौधरी गुरुग्राम जिले में स्थित कंपनी में काम करता था। उसका परिवार गुरुग्राम में रहता है। उसकी कंपनी की एक ब्रांच यहां रोहद में हैं। कुछ समय पहले हरेंद्र को इस ब्रांच में काम के लिए भेजा गया था। आठ फरवरी की शाम को जब वह रोहद बाजार से कंपनी की तरफ जा रहा था तो इसी दौरान तेज रफ्तार कार की चपेट में आया गया था।


### राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों की कराई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरूआत एनएसएस गीत व योगाभ्यास के साथ हुई। स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास के साथ श्वास तकनीक, सही मुद्र और ध्यान बारे जानकारी हासिल की। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर पिंकी रानी ने बताया कि नियमित योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन और तनाव कम करने में भी मदद करता हैं। योगाभ्यास के बाद डॉक्टर अंशुल शर्मा और डॉक्टर अविनाश ने स्वयंसेवकों के दंत जांच करते हुए उन्हें पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने व नियमित ब्रश करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा स्वयंसेवकों ने गांव के दादा मथुरापुरी मंदिर परिसर पहुंचकर साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया। सायंकालीन सत्र में सब डिविजनल होस्पिटल मातनहेल से से नर्सिंग ऑफिसर मीना जून व काउंसलर कोमल रानी की टीम ने स्वयंसेवकों की एचआईवी, बीपी, शुगर, ऊंचाई और वजन की जांच की। इस मौके पर डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर ओमपति, कुमारी सोनू रानी, प्रविंद्र ढिल्लो व राजकुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




### ग्राम सभा में हंगामा सरपंच और उसके पति पर गंभीर आरोप लगाए

**बहादुरगढ़।** खरहर में मंगलवार को ग्रामसभा की बैठक में हंगामा हो गया। पंचों व ग्रामीणों ने सरपंच और उसके पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उधर, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र ने तमाम आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि सभी ग्रामीणों को नियमानुसार बैठकों की सूचना दी जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक, बैठक का समय सुबह 11 बजे रखा गया था, लेकिन दोपहर सवा बजे तक सरपंच और सचिव के नहीं पहुंचने से लोगों में नाराजगी बढ़ गई। अमित, सुनील, हरीश, जोगेंद्र सहित अन्य पंचों के अनुसार लगातार तीन ग्रामसभा बैठकों की न तो लिखित सूचना दी गई और न ही गांव में मुनादी करवाई गई। पिछले लगभग दो वर्षों से वे किसी भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## अंग्रेजी विषय में 99.95 पर्सेंटाइल किया प्राप्त

# शिल्पा ने यूजीसी नेट की परीक्षा पास की

■ नेट के साथ ही जूनियर रिसर्च फैलोशिप भी प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

यूजीसी-नेट (अंग्रेजी) परीक्षा में 99.95 पर्सेंटाइल प्राप्त कर बहादुरगढ़ निवासी शिल्पा राठी ने शानदार सफलता हासिल की है। इसके साथ ही शिल्पा ने नेट के साथ ही जूनियर रिसर्च फैलोशिप भी प्राप्त की है। यह उपलब्धि देशभर के चुनिंदा अभ्यर्थियों को ही मिलती है।

बता दें कि अनिल राठी की पुत्री शिल्पा राठी शहर के आदर्श नगर में रहती है। उनके पति डॉ. सचिन श्योराण मूल रूप से गांव ढराणा के निवासी हैं। डॉ. सचिन श्योराण ने वर्ष 2023 में यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण की थी और वर्तमान में सहायक प्राध्यापक हैं। शिल्पा भी इससे पूर्व वर्ष 2024 और 2025 में यूजीसी-नेट (पीएचडी पात्रता) परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी हैं। इस बार उन्होंने अपने प्रदर्शन को नई ऊंचाई देते हुए यूजीसी-नेट के साथ जेआरएफ भी सफलता प्राप्त की और परीक्षा में टॉप किया। शिल्पा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति, परिवार और उनके निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन व प्रेरणा को दिया। शिल्पा राठी गेटसेट क्लॉसेज नामक यूट्यूब चैनल चलाती हैं, जिसके माध्यम से वह अंग्रेजी विषय की कोचिंग यूजीसी-नेट, पीजीटी, टीजीटी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करती हैं। शिल्पा ने कहा कि लगन, अनुशासन और परिवार का सहयोग किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे बड़ी कुंजी है।



### पूनम ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा




**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय की पूर्व छात्रा पूनम ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्राचार्य मेजर आनंद काद्याण ने नेशनल लेवल की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. पूनम, डॉ. मंजू रानी, डॉ. नवीन कुमारी, निशा मलिक, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. पूनम रानी, डॉ. आरती, डॉ. बेबी, डॉ. यशपाल, डॉ. संजय कुमार, मंजीत, सुभाष चंद्र व संदीप आदि मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूलों में नहीं थम रही चोरी की वारदातें

**बहादुरगढ़।** इलाके के सरकारी स्कूलों में लगातार चोरी की वारदात हो रही हैं। अब गांव कानोंदा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरी हो गई। चोर ताले तोड़कर कंप्यूटर सेट, टैब, प्रिंटर सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। पुलिस को दी शिकायत में प्रिंसिपल सरोज का कहना है कि सुबह करीब साढ़े छह बजे कर्मचारी ध्यानंद स्कूल में आया तो वारदात का पता चला। उसने हमें सूचना दी। जब हम स्कूल में आए तो प्रिंसिपल रूम का दरवाजा खुला था और ताला टूटा पड़ा था। अंदर देखा तो टेबल पर रखा कंप्यूटर सेट और प्रिंटर गायब था। इसके बाद अलमारी चेक की तो उसमें से आई-स्केनर, बायोमीट्रिक मशीन, एलसीडी, सीपीयू व तीन टैब गायब मिले। फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। बता दें कि इलाके के गांवों में सरकारी स्कूल लगातार चोरों द्वारा निशाना बनाए जा रहे हैं। यहां मातन, दहकोरा, रोहद, नयागांव, आसंडा, छारा, परनाला, कुलासी, दरियापुर सहित कई गांवों के स्कूलों में वारदात हो चुकी है। कानोंदा निवासी सोनू ने कहा कि एक तो सरकारी स्कूलों में वैसे ही संसाधनों की कमी रहती है, रही सही कसर चोर पूरी कर रहे हैं।